S प्रार्गस्थ सुविधाओं स्मारकों के सौन्दर्यीकरण और तीर्थ्र केन्द्रों आदि के विकास हेतु राज्य सरकारों को वित्तीयस सहायता प्रदान करता है। यह सहायता, प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों के आधार पर प्रदान की जाती हैं। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार ने वर्ष 1997-98 के दौरान मध्य प्रदेश मे 9 परियोजनाओं के लिए 119.31 लाख और गुजरात में 7 परियोजनाओं के लिए 111.84 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की हैं।

(घ)जी, नहीं।

पर्यटन उद्योग का विकास

4744. **श्री गोविन्दराम मिरी** : क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या सरकार की कोई पर्यटन नीति है जिसके अंतर्गत भारतीय पर्यटन उद्योग को अवसंरचनात्मक सुविधायें मुहैया करा कर विकास किया जा सके;

(ख)क्या देश के अन्य उद्योगों की तुलना में पर्यटन उद्योग आज भी सर्वाधिक उपेक्षित हैं;

(ग)क्या सरकार ने पर्यटन उद्योग के विकास और उसकी समस्याओं की समय-समय पर समीक्षा की हैं;

(घ)क्या भारत को पर्यटन उद्योग में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का दर्जा हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा हैं; और

(ड.)इस शताब्दी के अंत तक भारतीय उद्योगों के संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल खुराना) : (क) जी, हां।

(ख)जी, नहीं।

(ग)जी, हां।

(घ)अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पर्यटन को उद्योग का दर्जा नहीं दिया गया हैं।

(ड.)इस शतादी के अंत तक पर्यटन सहित भारतीयों उद्योगों से और अधिक बढ़ोत्तरी (विकास) की अपेक्षा हैं।

राजस्थान में आने वाले विदेशी पर्यटक

4775. **श्री ओंकार सिंह लखावत** : क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)पिछले पांच वर्षो के दौरान भारत में प्रतिवर्ष कुल कितन विदेशी पर्यटक आये व उने कुल कितनी विदेशी मुद्रा की आय हुई;

(ख)उपरोक्त अवधि में राजस्थान में प्रतिवर्ष कितने विदेशी पर्यटक आयें;

(ग)इस अवधि के दौरान पुष्कर और अजमेर में आये पर्यटकों की संख्या कितनी हैं; और

(घ)क्या सरकार ने राजस्थान में पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए योजना बनाई हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या हैं?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल ,खुराना) : (क) गत पांच वर्षो के दौरान भिन्न-भिन्न देशों से आए विदेशी पर्यटकों और पर्यटन को होने वाली अनुमानित विदेशी मुद्रा आय निम्ननुसार हैं:-

	1993	1994	1995	1996	1997
विदेशी पर्यटक आगमन	1764830	1886433	2123683	2287860	23740994
अनुमानित विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रूपयों में)	6465.72	7281.66	8833.30	10049.95	1105.43